# DAV PUBLIC SCHOOL, JHARSUGUDA

SAMPLE PAPER FOR ANNUAL EXAMINATION – 2017-18

CLASS – VII HINDI Time-3 Hrs F.M.-80

सामान्य निर्देश – १. इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं – खण्ड –क तथा खण्ड– ख

२.दोनों खण्डों सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।

खण्ड (क)

प्रश्न १. (२५)

१. जो शब्द किसी अन्य शब्दांश अथवा शब्द आदि के योग से बनते है उन्हें ______ कहते हैं।

(क) यौगिक) (ख) योगरूढ़ (ग) यौगिक रूढ़ (घ) यौगिक

२.‘ गिरधर ’ किस शब्द का उदाहरण है ?

(क) याौगिक (ख) योग रूढ़ (ग) रूढ़ (घ) रूढ़ योग

३.‘राधा स्कूल जाएगी ’ कौन– सा काल है ?

(क)भूतकाल (ख) वर्तमान काल (ग) भविष्य काल (घ) अनिश्टित भूतकाल

४. जो आने वाले समय के बारे बताए वह ______ कहलाता है ।

(क) वर्तमान काल (ख) काल (ग) भूतकाल (घ) भविष्य काल

५. जिन शब्दों से किसी किसी कार्य के करने या होने का पता चलता है ,उन्हें ______ काल कहते है ।

(क) सकर्मक क्रिया (ख) अकर्मक क्रिया (ग) दिवकर्मक (घ) क्रिया

६.‘सरिता ने खीर खाई ।’इस वाक्य में कौन सी क्रिया है ?

(क) सकर्मक क्रिया (ख) अकर्मक क्रिया (ग) दिवकर्मक क्रिया (घ) अतिकर्मक क्रिया

७.कवि का लिंग परिवर्तन होगा –

(क)कवीयत्री (ख ) कवियत्री (ग)कवयित्री (घ) कवयीत्री

८.‘तलवार ’शब्द का बहुवचन होगा –

(क) तलवारों (ख) तलवारौं (ग)तलवारें (घ)तलवारैं

९.‘सोना ’का पर्यायवाची शब्द होगा –

(क) कनक (ख) कंगन (ग) नीलम (घ) नगीना

१०. जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते है, ______ विशेषण कहते है

(क)परिणाम वाचक (ख) क्रिया विशेषण (ग)समय वाचक (घ) क्रिया विशेषण

११.बच्चे अभी खेल रहे हैं ।में कौन सा क्रिया विशेषण है –

(क) परिणाम वाचक (ख) काल वाचक (ग)स्थान वाचक (घ)रीतिवाचक

१२.घास , शब्द का मिलते –जुलते युग्म शब्द छाँटकर लिखिए –

(क) फूस (ख) पूस (ग) घूस (घ) सूफ

१३. जो शब्द क्षेत्रीय प्रभाव के कारण परिस्थिति व आवश्यकता अनुसार बनकर प्रचलित हो गए हैं वे ______ शब्द कहलाते है ।

(क) देशज (ख) आगत (ग) तत्सम (घ) तद्भव

१४ .‘गृह ’का तद्भव शब्द होगा –

(क) घर (ख) महल (ग)किला (घ) भवन

१५. काम बिगारो आपनो , जग में होत हँसाय ।में कौन से वर्ण की आवृति हुई है –

(क) ‘ह ’वर्ण (ख) ‘म ’वर्ण (ग) ‘ब ’वर्ण (घ) ‘ज ’वर्ण

१६. 'झरते है झाग भरे निर्झर' में कौन सा अलंकार हैं –

(क) अनुप्रास (ख) यमक (ग) श्लेष (घ) उपमा

१७.कार्य में कौन– सा शब्द जुड़कर कार्यालय बनेगा –

(क)लय (ख) आलय (ग) यालय (घ)अलय

१८. 'देशज' शब्द मे होगा –

(क) डाक्टर (ख)पगड़ी (ग) चित्र (घ) स्वप्न

१९.सूर्यास्त शब्द को विग्रह करने पर शब्द बनेगा –

(क) सूर्य+अस्त (ख) सू +र्यस्त (ग) सूर्या +सत (घ) सूर्या +अस्त

२०. बिजली का पर्यायवाची शब्द होगा –

(क) दामिनी (ख) पहाड़ (ग) गरजना (घ) मंदाकिनी

२१. 'अनुकूल' का विलोम, शब्द होगा –

(क) कूल (ख) प्रतिकूल (ग) आकूल (घ) त्रिकुल

२२. वाह ! शब्द में कौन –सा विराम चिन्ह है –

(क) एकल उद्धरण (ख) विस्मयादि बोधक (ग) योजक (घ) पूर्ण विराम

२३.जो अपनी ओर खीचें उसे ______ कहते हैं ।

(क)प्रतिकर्षक (ख) आकर्षक (ग) अकर्षण (घ) प्रतिकर्षण

२४. विशेषण शब्द जिनकी विशेषता बताते है, उन्हें ______ कहते ।

(क) विशेषण (ख) विशेष्य (ग) संज्ञा (घ) सर्वनाम

२५. में ,पर , शब्द मे कारक होगा –

(क) करण (ख) अपादान (ग) अधिकरण (घ) सम्प्रदान

प्रश्न २ निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चूनकर लिखें । (५)

निरन्तर कर्म करते रहना ही जीवन की सफलता है । कर्मशील व्यक्ति हमेशा व्यस्त रहता है । उसमें काम करने की लगन और उत्साह होता है ।धैर्य रखकर वह कठिन से कठिन कार्य कर लेता है ।दुर्गम रास्तों पर चलकर उसे संतोष मिलता है। वह दुख सुख को समान मानता है तथा परिस्थितियों को अपने अधीन बना लेता है ।

१. जीवन की सफलता क्या है –

(क) निरन्तर कर्म करते रहना (ख) निरन्तर कर्म नही करना

(ग) जीवन में व्यस्त रहना (घ) जीवन में आराम होना

२.कर्मशील व्यक्ति किसको समान मानता है ?

(क)अँधेरा, उजाला को (ख) गरीब – अमीर को

(ग) दुख : सुख को (घ) कठिन रास्तों को

३.कर्मशील व्यक्ति को किन रास्तों पर चलकर संतोष मिलता है ?

(क) कठिन रास्तों (ख) दुर्गम रास्तों

(ग) अच्छे रास्तों (घ) टेढ़े –मेढ़े रास्तों

४.कर्मशील व्यक्ति किसको अपने अधीन बना लेता है ?

(क)स्थिति को (ख) समय को (ग) परिस्थितियों को (घ)दिन को

५.कर्मशील व्यक्ति हमेशा कैसा रहता है ?

(क) आराम से (ख) व्यस्त रहकर (ग) काम करके (घ) कुछ कर

प्रश्न ३. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखे – (५)

हम पंछी उन्मुक्त गगन के पिजर बध्द न गा पायेंगे
कनक तीलियों से टकराकर पुलिकत पंख टूट जायेंगें
हम बहता जल पीने वाले मर जायेंगे भूखे प्यासे ,
कही भली हे कटुक निबोरी कनक कटोरी की मैदा से ।

स्वर्ण – श्रंखला के बंधन मे अपनी गति , उड़ान सब भूले ,
बस सपनो में देख रहे हैं तरू की फुनगी पर झूले ।
ऐसे थे अरमान कि उड़ते नील –गगन की सीमा पाने ,
लाल किरण – सी चोंच खोल चुगते तारक अनार के दाने

१. पंछी कहाँ रहना चाहते है ?

(क) उन्मुक्त गगन में (ख) धरती पर (ग) पृथ्वी पर (घ) सपनों में

२. पंछी स्वतन्त्र रहकर क्या खाना पसंद करेंगे –

(क) मिठाई (ख) कटुक निबौरी (ग) दाना (घ) अनार दाना

३. पंछी , गति व उड़ान कैसे भूले गये गये है ?

(क)स्वर्ण श्रंखला में रहकर (ख) जंगल में रहकर (ग) आकाश में रहकर (घ) पेड़ में रहकर

४. किसमें टकराकर पंछी के पंख टूट जायेंगे ?

(क) घर में (ख) जंगल में (ग) कनक तीलियों से (घ) घोसलों पर

५. चोंच खोल क्या चुगना चाहते हैं ?

(क) मैदा को (ख) तारक अनार के दानों
(ग) कटुक निबौरी (घ) चावल के दानें

प्रश्न ४. अपने छोटे भाई को पत्र लिखते हुए बताइए कि पंतग उड़ाते समय कौन –कौन सी सावधानियाँ बरतनी चाहिए । (५)

अथवा

आप दीपक कुमार अग्रवाल , कक्षा सातवीं के विद्यार्थी है। स्कूल से आपकी साइकिल चोरी हो जाती है इसके लिए सूचना बनाकर लिखिए ।

प्रश्न५. किसी एक विषय पर १२५ –१५० शब्दों में अनुच्छेद लिखे – (५)

(क) दीपावली (ख) होली (ग) गणतन्त्र दिवस

## खण्ड –ब

प्रश्न ६ निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखे – (५)

कर्मभूमि के यज्ञ में संग है,
सुत, वित, विनता और परिवार ,
अन्न की बाली का दर्शन कर ,
पा जाता मै स्वर्ग का दवार ।

मानवता का तू है मसीहा
सबकी भूख मिटाता है,
अवतारी तू इस मही पर ,
परमेश्वर अन्नदाता है ।

१.कर्मभूमि के यज्ञ में किसान के साथ कौन –कौन है ?

(क) धन (ख) पत्नी, बेटा, और परिवार (ग) मित्र व खेत (घ) समाज व खेत

२.किसान किसका मसीहा है ?

(क) भगवान का (ख) बच्चों का (ग) मानवता का (घ) पशुओ का

३.सबकी भूख कौन मिटाता है ?

(क) मनुष्य (ख) माता – पिता (ग)किसान (घ) मजदूर

४. मही , शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए –

(क) घर (ख) धरती (ग) स्वर्ग (घ) नरक

५. इस कविता में अन्नदाता किसे कहा गया है ?

(क) भगवान (ख) किसान (ग) माता –पिता (घ) अमीर आदमी को

प्रश्न ७. निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प चुनें – (५)

पत्नी की मृत्यु के बाद से विश्वेश्वर बहुत अनमने से रहते थे। अच्छा मँगा दूँगा ।, कहकर वे उदास भाव से और कही चले गए । श्यामू पंतग के लिए उत्कंठित था ।वह अपनी इच्छा किसी तरह न रोक सका।एक जगह खूँटी पर विश्वेश्वर का कोट टँगा था ।इधर – उधर देखकर उसके पास एक स्टूल सरकाकर रखा और ऊपर चढ़कर कोट की जेबे टटोली एक चवन्नी पाकर वह तुरन्त वहाँ से भाग गया था ।

१. श्यामू कितना रूपए लेकर भाग गया –

(क) चवन्नी (ख) अठन्नी (ग) १ रूपए (घ) २ रूपय

२. किसके मृत्यु के बाद विश्वेश्वर दुखी रहता था –

(क) बेटा (ख) पत्नी (ग) बेटी (घ) मित्र

३. श्यामू पतंग के लिए कैसा हो रहा था –

(क)उतावला (ख) उत्कंठित (ग) दुखी (घ) खुश

४. इस पाठ के लेखक का नाम है–

(क) रामचरण शुक्ल (ख)डॉ. ओम प्रकाश सिंह (ग) सियारामशरण गुप्त (घ )शरणगुप्त शर्मा

५. किससे कहकर श्याम ने पतंग मँगवाया –

(क) भोलू से (ख) जीजी से (ग) मित्र से (घ) कोई भी नही

प्रश्न ८. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखें – (३)

१. पौ फटते – ही कौन शोर मचाता है ?

२. बुढ़िया ने लेखक को क्या खाने दिया ?

३. किसान स्वर्ग के दवार कब प्राप्त करता है ?

प्रश्न .९ किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें – (१२)

१. तन्मय ने दुकानदार का हाथ क्यों पकड़ रखा था ?

२. अपने सामर्थ्य के अनुसार कार्य करने से क्या लाभ होता है ?

३. सभी लोग अरूणिमा का उपहास क्यों उड़ाते थे ?

४. सिकंदर की सेना झेलम क्यो नही पार कर पा रही थी ?

५. बिना विचारे कार्य करने से कौन – सी हानि होती है ?

६. समय को बलवान क्यो कहा गया है ,समझाइए ?

प्रश्न १० कार्तिकेय ने पृथ्वी की परिक्रमा की थी,लेकिन मोदक गणेश जी को मिला क्यों ? (५)

अथवा

कमवीर व्यक्ति की किन्ही छः विशेषताओ के बारे मे बताइए ?

प्रश्न ११ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए – (५)

१. काँटो में राह बनाते है –

( क) रास्ता बनाना (ख) काँटो में जाना (ग) दूर जाना (घ) लक्ष्य की ओर जाना

२. रामा या बालू कौन होते है –

(क) चित्रकार (ख) मूर्ति बनाने वाले (ग) नर्तक (घ) गायक

३. राग –रंग का अर्थ है –

(क) धन का सुख (ख) भौतिक सुख (ग) मानसिक सुख (घ) कोई नही

४. पहले दिन श्यामू ने पिता की जेब से पैसे निकाली –

(क) दुअन्नी (ख) अठन्नी (ग) एक रूपया (घ) चवन्नी

५. किसे देश द्रोही कहा गया है ?

(क) आम्भी (ख) पुरू (ग) सिकन्दर (घ) सिकन्दर पुरू

************